TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 27 जून

1. **अंतर्राष्ट्रीय लघु एवं मध्यम आकार उद्यमी दिवस–** 'इंटरनेशनल माइक्रो, स्मॉल एण्ड मीडियम–साइज इंटरप्राइजेज डे' प्रतिवर्ष 27 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लघु–कुटीर तथा मध्यम आकार के उद्योगों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है ताकि लोग स्वरोजगारोन्मुखी हो सके। इससे विश्व में बेरोजगारी कम होगी तथा कार्य कुशलता में वृद्धि होगी।
2. **वंकिमचंद्र चटर्जी का जन्म–** बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध कवि, उपन्यासकार और पत्रकार बंकिमचंद्र चटर्जी का जन्म 27 जून, 1838 ई. को नैहाटी, पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनकी लोकप्रिय रचनाओं में दुर्गेशनन्दिनी, कपालकुण्डला, वन्देमात्‌रम, आनन्दमठ आदि प्रमुख है। उन्हें 'भारत का एलेक्जेंडर ड्यूमा' भी कहा जाता है।
   - **संदर्भः** वर्ग 8, इतिहास **'अतीत से वर्तमान भाग–3'** के अध्याय 11 से जोड़कर चर्चा करें।
3. **त्रिमूर्ति भवन संग्रहालय बना–** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का दिल्ली स्थित त्रिमूर्ति भवन को जवाहरलाल नेहरू से संबंधित 'नेहरू संग्रहालय' बनाने का फैसला 27 जून, 1964 ई. को लिया गया था। उनकी जीवन की झलक की तस्वीरें आज भी इस संग्रहालय में संग्रहित हैं। यहां स्थित सीढ़ीनुमा गुलाब उद्यान से ही नेहरू जी अपनी पसंदीदा गुलाब अपनी शेरवानी पर लगाते थे।
4. **पी.टी. उषा का जन्म–** 'गोल्डन गर्ल', 'खेल जगत की उड़न परी', 'भारतीय ट्रैक और फ़ील्ड की रानी' आदि नामों से विख्यात भारत की मशहुर एथलीट पिलावुलकंडी थेक्केपरम्बिल उषा का जन्म 27 जून, 1964 ई. को पय्योली, कोज़िकोड जिला, केरल में हुआ था। भारत सरकार द्वारा उन्हें 'पद्म श्री' पुरस्कार तथा एथलेटिक्स के लिए 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। उषा जी ने अब तक 101 अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीते हैं। वह दक्षिण रेलवे में एक अफसर के रूप में सेवारत हैं और यंग एथलीट को उनकी ट्रेनिंग एकेडमी में कोच करती हैं।
5. **संगीतकार आर.डी. वर्मन का जन्म–** भारतीय सिनेमा जगत में अपनी मधुर संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले महान संगीतकार राहुल देव वर्मन का जन्म 27 जून, 1939 ई. को कोलकाता में हुआ था। 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को...', 'मेरे सामने वाली खिड़की में...', 'हमें तुमसे प्यार कितना...', 'मुसाफिर हूं मैं यारों...', 'लकड़ी की काठी...', 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे...' जैसे गाने को सुनते ही श्रोता मदहोश हो जाते हैं। उन्होंने लगभग 300 हिन्दी फिल्मों में संगीत दिया है। वे एक गायक, संगीत निर्देशक और निर्माता भी थे।

Thursday

# दिवस विशेष

27 जून

## मधु प्रिया

# आरडी बर्मन का जन्म 27 जून



मशहूर संगीतकार आरडी बर्मन का जन्म आज ही के दिन 1939 में हुआ था।एक महान गायक आरडी बर्मन की आज जन्मदिन है, जिन्होंने अपने भावपूर्ण संगीत से सभी के दिलों को छू लिया, जिसे आज भी लाखों लोग पसंद करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर, उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा से भारतीय संगीत उद्योग का रूप बिल्कुल बदल दिया था और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध विरासत छोड़ गए। शुरू में, उन्हें महान गायक के बेटे के रूप में जाना जाता था, हालांकि, जल्द ही अपनी प्रतिभा के साथ उन्होंने अपना खुद का बड़ा नाम बना लिया। आरडी बर्मन का पूरा नाम राहुल देव बर्मन था। उनके पिता सचिन देव बर्मन मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर थे।उनके जन्म के बाद बॉलिवुड ऐक्टर अशोक कुमार अपने दोस्त सचिन देव बर्मन के घर बधाई देने पहुंचे। तब सचिन ने अपने बच्चे का नाम 'तबलू' रखा था। बताया जाता है कि अशोक कुमार के सामने आरडी बर्मन बार-बार मुंह से 'पा' शब्द निकाल रहे थे। जब वह रोए तो अशोक कुमार बोले, 'अरे, यह बच्चा तो रोता भी पांचवे स्वर में है।' बताते हैं तभी से उनका नाम पंचम पड़ गया। उन्होंने जानी मानी सिंगर आशा भोसले से साल 1980 में शादी की थी।आर. डी. बर्मन को बड़ी सफलता मिली 'अमर प्रेम' से. 'चिंगारी कोई भड़के' और 'कुछ तो लोग कहेंगे' जैसे यादगार गीत देकर उन्होंने साबित किया कि वे कितने प्रभावशाली हैं।इनका निधन 4 जनवरी, 1994 को मुंबई में हुआ ।

# जन्मदिन विशेष 27 जून

राकेश कुमार




**पी. टी. उषा** भारत के केरल राज्य की खिलाड़ी हैं। 1976 में केरल राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए एक खेल विद्यालय खोला और उषा को अपने ज़िले का प्रतिनिधि चुना गया। **भारतीय ट्रैक ऍण्ड फ़ील्ड की रानी** माने जानी वाली पी. टी. उषा भारतीय खेलकूद में 1979 से हैं। वे भारत के अब तक के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से हैं। नवें दशक में जो सफलताएँ और ख्याति पी. टी. उषा ने प्राप्त की हैं वे उनसे पूर्व कोई भी भारतीय महिला एथलीट नहीं प्राप्त कर सकी। वर्तमान में वे एशिया की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट मानी जाती हैं। पी. टी. उषा को **उड़न परी** भी कहा जाता है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश


आज का शब्द 27.06.2024

## किलपैट्रिक विधि

अमरीका के शिक्षाविद विलियम किलपैट्रिक की शिक्षा-विधि को 'योजना विधि' (प्रोजेक्ट मेथड) कहा गया है। किलपैट्रिक के अनुसार, ज्ञान अर्जित करने के लिए छात्र को स्वाभाविक वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए जिसमें वे स्वयं ही अपना विषय चुनें तथा स्वयं ही उससे सम्बंधित समस्या का योजनाबद्ध तरीके से समाधान खोजें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली है। उन्होंने बिल्कुल अपनी मां की तरह संस्कृत भाषा में शपथ ली है।

**TOB बूझो तो जानें..**

425

## एक साथ आए दो भाई, बिन उनके दूर शहनाई , पीटो तब वह देते संगत, फिर आए महफ़िल में रंगत... बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## शतरंज



## FIDE वर्ल्ड कप के चैंपियंस (2000 से 2002 तक)

| विजेता | होस्ट | साल | रनरअप |
|---|---|---|---|
| विश्वनाथन आनंद | चीन | 2000 | एवगेनी बरीव |
| विश्वनाथन आनंद | भारत | 2002 | रुस्तम कासिमदजानोव |

(2003 और 2004 में इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हुआ था।)

## (2005 से अब तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| लेवोन एरोनियन | रूस | 2005 | रुस्लान ओलेहोविच |
| गाटा काम्स्की | रूस | 2007 | अलेक्सी शिरोव्ह |
| बोरिस गेल्फ़ांड | रूस | 2009 | रुस्लान ओलेहोविच |
| प्योत्र वेनियामिनोविच | रूस | 2011 | अलेक्जेंडर इगोरविच |
| व्लादिमीर क्रैमनिक | नार्वे | 2013 | दिमित्री व्लादिमीरोविच |
| सर्गेई अलेक्जेंड्रोविच | अजरबैजान | 2015 | प्योत्र वेनियामिनोविच |
| लेवोन एरोनियन | जॉर्जिया | 2017 | डिंग लिरेन |
| टीमौर रद्ज़ाबोव | रूस | 2019 | सेर्गेई कर्जेकिन |
| जैन-क्रिस्टोफ़ डुडा | रूस | 2021 | सेर्गेई कर्जेकिन |
| मैग्नस कार्लसन | अजरबैजान | 2023 | रमेशबाबू प्रगनानंदा |

भारत की महानतम एथलीटों में से एक , जिन्हें अक्सर देश की "क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड" कहा जाता है,लंबे स्ट्राइड के साथ एक बेहतरीन स्प्रिंटर

# पी टी उषा

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं और ढेरों बधाईयां



जन्म-27 जून 1964

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार , पंचम या 'पंचमदा' नाम से प्रसिद्ध, अद्वितीय सांगीतिक प्रतिभा के धनी विश्व के सर्वश्रेष्ठ संगीतकार

# राहुल देव बर्मन

के जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

जन्म- 27 जून 1939 - मृत्यु– 4 जनवरी 1994

Madhu priya

27 जून 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हमेशा ध्यान में रखिये की आपका सफल होने का संकल्प किसी भी और संकल्प से महत्वपूर्ण है।

**अब्राहम लिंकन**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org